**प्रेस नोट**
**दिनांक 22.11.2026**

## थाना कौड़िया पुलिस द्वारा पत्नी की हत्या करने वाले आरोपी पति को किया गया गिरफ्तार, अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल (कुल्हाडी) बरामद-

### घटना का संक्षिप्त विवरण-

दिनांक 20.11.2026 की रात्रि करीब 11:00 बजे थाना कौड़िया क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कोटिया मदारा निवासी मनोज कुमार शुक्ला पुत्र राधेश्याम शुक्ला द्वारा अपनी पत्नी सुमन शुक्ला के सिर पर कुल्हाडी से वार कर हत्या कर दी गई थी। घटना की सूचना मृतका के पुत्र किशन शुक्ला द्वारा अपनी नानी सीतावती तिवारी को फोन के माध्यम से दी गई थी। सूचना पाकर मृतका की मां अपने परिजनों के साथ मौके पर पहुंचीं तो उनकी पुत्री सुमन शुक्ला बिस्तर पर खून से लथपथ मृत अवस्था में पड़ी मिली। इस संबंध में मृतका की मां सीतावती तिवारी की लिखित तहरीर के आधार पर थाना कौड़िया में मु0अ0सं0 293/2026 धारा 103(1) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया था।

### कार्यवाही

दिनांक 21.11.2026 को थाना कौड़िया पुलिस द्वारा मुकदमे की विवेचना एवं अभियुक्त की गिरफ्तारी के क्रम में क्षेत्र में तलाश की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर खास से सूचना प्राप्त हुई कि मुकदमे में वांछित अभियुक्त मनोज कुमार शुक्ला ग्राम कोटिया मदारा के बाहर सड़क किनारे स्थित प्राथमिक विद्यालय के पास खेत के किनारे छिपा हुआ है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी करते हुए अभियुक्त मनोज कुमार शुक्ला को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने घटना में प्रयुक्त कुल्हाडी को घटनास्थल से करीब 100 मीटर दूर झाड़ी में फेंकना बताया। अभियुक्त की निशानदेही पर पुलिस टीम द्वारा झाड़ी से घटना में प्रयुक्त एक अदद कुल्हाडी बरामद की गई। गिरफ्तार अभियुक्त को आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

1. मनोज कुमार शुक्ला पुत्र राधेश्याम शुक्ला, उम्र करीब 40 वर्ष, निवासी ग्राम कोटिया मदारा, थाना कौड़िया, जनपद गोण्डा।

### पंजीकृत अभियोग-

01- मु0अ0सं0 293/2026, धारा 103(1) भारतीय न्याय संहिता, थाना कौड़िया, जनपद गोण्डा।

### बरामदगी-

01- घटना में प्रयुक्त एक अदद कुल्हाडी (आलाकत्ल)

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 शशि कुमार राणा, प्रभारी थानाध्यक्ष, थाना कौड़िया।
2. उ0नि0 सावन सिंह, चौकी प्रभारी दुबहा बाजार।
3. हे0का0 अनिल कुमार यादव।
4. हे0का0 विजयभान यादव।
5. का0 नीलेश यादव।

6. का0 रिषित कुमार।
7. का0 अभिषेक कुमार सिंह।

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**
**दिनांक 22.11.2026**

**थाना मोतीगंज पुलिस द्वारा नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने वाला 01 आरोपी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तारः-**

**कार्यवाही-**

थाना मोतीगंज पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 258/2026 धारा 137(2)/87 बीएनएस से संबंधित अभियुक्त शिवा पुत्र रोशन कुमार निवासी विसवल दलपतपुर जनपद अयोध्या को मुखबिर की सूचना पर कैमी तिराहे के पास से गिफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

दिनांक 16.11.2026 को थाना मोतीगंज पर वादी द्वारा लिखित तहरीर दी गयी कि उनकी पुत्री बिना बताए घर से कहीं चली गई है। अगले दिन सुबह वादी के मोबाइल पर एक अज्ञात व्यक्ति के मोबाइल नंबर से फोन आया, जिसके द्वारा बताया गया कि उनकी पुत्री उसके साथ है। वादी की लिखित तहरीर के आधार पर थाना मोतीगंज पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था।

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1- शिवा पुत्र रोशन कुमार निवासी विसवल दलपतपुर, थाना महराजगंज, जनपद अयोध्या।

**पंजीकृत अभियोग-**

1- मु0अ0सं0 258/2026 धारा 137(2)/87 बीएनएस, थाना मोतीगंज जनपद गोण्डा।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 नारदमुनि कन्नौजिया।
2. मुख्य आरक्षी ज्ञानदेव यादव।

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**
**दिनांक – 22.11.2026**

**परिवार परामर्श केंद्र में पारिवारिक विवादों की सुनवाई, 01 प्रकरण में कराया गया सुलह-समझौता-**

जनपद गोण्डा में आज दिनांक 22.11.2026 को परिवार परामर्श केंद्र (महिला सहायता प्रकोष्ठ), जनपद गोण्डा में पारिवारिक विवादों से संबंधित मामलों की सुनवाई की गई। सुनवाई के दौरान पति-पत्नी एवं अन्य पारिवारिक पक्षकारों को आमने-सामने बैठाकर उनकी समस्याओं को सुना गया तथा आपसी मतभेदों को दूर करने के लिए समझाया-बुझाया गया। परामर्श केंद्र के सदस्यों एवं उपस्थित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा दोनों पक्षों के बीच आपसी संवाद स्थापित कर पारिवारिक विवादों का सौहार्दपूर्ण एवं शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने हेतु परामर्श दिया गया।

**परिवार परामर्श केंद्र में उपस्थित सदस्यगण एवं अधिकारी/कर्मचारीगण-**

**सदस्यगण-**
श्री राजमंगल मौर्या,श्री यशोदानंदन त्रिपाठी,श्री शशिकुमार भारती

**अधिकारी/कर्मचारीगण-**
म0उ0नि0 प्रतिभा सिंह(म0स0प्र0प्रभारी),श्रीमती अनीता यादव(महिला थाना प्रभारी),उ0नि0 श्री बृजेश पाठक,महिला मुख्य आरक्षी कलावती,आरक्षी प्रभात दीक्षित,महिला आरक्षी अनुप्रिया सिंह

**मीडिया सेल, गोण्डा।**